राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
Rajiv Gandhi Proudyogiki Vishwavidyalaya
(State Technological University of Madhya Pradesh)

**Prof. S.C. Choube**
Vice Chancellor

Letter No. R.G.P.V/VC0/2026/24

Date 17/02/2026

प्रति,

**संचालक / प्राचार्य,**
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

**विषय :–** आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा आयोजित अद्वैत जागरण शिविर के संबंध में ।

**सन्दर्भ :–** श्री शिव शेखर शुक्ला, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा विभाग को प्रेषित पत्र कमांक 825 दिनांक 17.01.2026

**प्रिय सहयोगी गण,**

मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा अद्वैत वेदान्त दर्शन के बोध हेतु वर्ष 2020 से 40 अद्वैत जागरण शिविरों का आयोजन किया गया है । इन शिविरों में देश विदेश से 1600 से अधिक युवाओं ने सकिय सहभागिता की है । इन शिविरों में आचार्य शंकर विरचित प्रकरण ग्रंथ तत्वबोध, आत्मबोध आदि पर व्याख्यान के साथ श्रवण, मनन, योग, सांस्कृतिक कार्यकम, तीर्थाटन, व्यक्तित्व विकास इत्यादि गतिविधियां होती हैं ।

इन अद्वैत जागरण शिविरों का मुख्य उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से रूबरू कराना है । छात्रों के आत्मिक एवं मानसिक विकास के लिये महत्वपूर्ण इन जागरण शिविरों में कृपया आपके महाविद्यालय के अधिकाधिक शिक्षकों, छात्रों एवं शोधार्थियों को सहभागिता हेतु प्रोत्साहित करने का कष्ट करें । शिविर में चयनित शिविरार्थियों के परिवहन/आवास/भोजन आदि की व्यवस्था न्यास द्वारा की जाती है ।

उपरोक्त विषय में अधिक जानकारी वेबसाईट www.oneness.mp.gov.in पर उपलब्ध है । अद्वैत जागरण शिविर में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक शिक्षक, छात्र एवं शोधार्थी उक्त वेबसाईट के माध्यम से पंजीयन करवा सकते हैं ।

**(प्रो0 एस.सी.चौबे)**

**प्रतिलिपि**

1. अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, मंत्रालय,भोपाल ।
2. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग, मंत्रालय, भोपाल ।
3. संचालक,यूआईटी आरजीपीवी, भोपाल, शिवपुरी, झाबुआ, शहडोल, ।
4. डीन, स्टूडेंट वेलफेयर, आरजीपीवी, भोपाल ।

एयरपोर्ट रोड, भोपाल-462 033 (म.प्र.) दूरभाष : +91 755 2742001 ईमेल : vcoffice@rgpv.ac.in
Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal-462 033 (M.P.) Tel. : +91 755 2742001 Email : vcoffice@rgpv.ac.in, Website : www.rgpv.ac.in

Scanned with OKEN Scanner